अमर उजाला 01/02/2026

डिजिटल परिवर्तन पर दिया व्याख्यान

जीएमएन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। प्रवक्ता

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कॉलेज के स्नातकोत्तर व शोध विभाग ने विकसित भारत 2047 के लिए रणनीति विषय पर आयोजित दो दिवसीय आईसीएसएसआर प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने शिरकत की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. राकेश कुमार ने डिजिटल परिवर्तन और भविष्य के कौशल पर व्याख्यान दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने संगोष्ठी को राष्ट्र-निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मेधावी शोधार्थियों को सम्मानित कर डॉ. केके पुनिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद